खास-खबरें

शिकायत की जांच करने जेतपुरा पहुंचीं तहसीलदार, मौके पर खुलवाया बंद नाला



नईदुनिया, प्रतिनिधि, विदिशा: ग्रामीण क्षेत्र में जल निकासी से जुड़ी समस्या की शिकायत मिलने पर विदिशा ग्रामीण तहसीलदार निधि लोधी मंगलवार को ग्राम जेतपुरा पहुंचीं। उन्होंने शिकायतकर्ता जितेंद्र ठाकुर की शिकायत पर संबंधित स्थल का निरीक्षण कर वस्तुस्थिति की जांच की। इस दौरान नाला बंद पाया गया, जिसे तहसीलदार ने मौके पर ही खुलवाकर समस्या का निराकरण कराया। जानकारी के अनुसार, जितेंद्र ठाकुर ने ग्राम जेतपुरा में नाला बंद होने की शिकायत प्रशासन से की थी। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए तहसीलदार निधि लोधी ने मौके पर पहुंचकर जांच की। निरीक्षण के दौरान नाले में अवरोध मिलने पर आवश्यक कार्रवाई करते हुए उसे खुलवाया गया। जिला प्रशासन की ओर से आम नागरिकों की समस्याओं और राजस्व सहित स्थानीय स्तर से जुड़ी शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। प्रशासन का उद्देश्य है कि शिकायतों की जांच के लिए अधिकारी मौके पर पहुंचें और जहां संभव हो, वहीं समस्या का समाधान कराया जाए, ताकि नागरिकों को अनावश्यक परेशानी न उठानी पड़े।

स्टेशन के पास मंदिर वाली गली में सट्टे का कारोबार मजदूरों को कर्ज के जाल में फंसाने का आरोप

नईदुनिया, प्रतिनिधि, गंजबासौदा: शहर में सट्टे के अवैध कारोबार को लेकर एक बार फिर सवाल उठने लगे हैं। आरोप है कि स्टेशन के पास मंदिर वाली गली और पुरानी मंडी के लाल पठार क्षेत्र में सट्टा कारोबारियों का नेटवर्क लंबे समय से सक्रिय है। ये लोग कथित तौर पर गरीब मजदूरों को पहले छोटे दांव लगवाकर सट्टे की लत लगाते हैं और फिर ब्याज पर रकम देकर उनसे कई गुना वसूली करते हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, शुरुआत में 10 रुपये के बदले 100 और 100 रुपये के बदले 1000 रुपये जीतने का लालच दिया जाता है। एक-दो बार दांव लगने पर लोगों को बड़ा पैसा लगाने के लिए उकसाया जाता है। रोज कमाकर परिवार का खर्च चलाने वाले मजदूर धीरे-धीरे इस जाल में फंस जाते हैं। आरोप है कि सट्टे में रकम गंवाने के बाद कारोबारी उन्हें ब्याज पर पैसा देते हैं और फिर कई गुना वसूली करते हैं। कुछ पीड़ितों का कहना है कि रकम नहीं चुकाने पर उन्हें डराया-धमकाया और प्रताड़ित किया जाता है। स्थानीय लोगों का दावा है कि इस कारोबार से जुड़े लोगों की रोजाना हजारों रुपये की कमाई होती है। नागरिकों ने सवाल उठाया है कि शहर में लंबे समय से कथित तौर पर चल रहे इस कारोबार पर अब तक प्रभावी कार्रवाई क्यों नहीं हुई। लोगों ने पुलिस और प्रशासन से संबंधित क्षेत्रों में जांच कर सट्टे और अवैध ब्याज वसूली के कारोबार पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

अंडर-18 बालक क्रिकेट टीम की चयन प्रक्रिया संपन्न, शीघ्र किया जाएगा टीम का गठन



नईदुनिया, प्रतिनिधि, सीहोर: शहर के बीएसआई मैदान पर आगामी दिनों में होने वाली क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए अंडर-18 बालक क्रिकेट टीम की चयन प्रक्रिया संपन्न हो गई है। दो दिवसीय चयन प्रक्रिया में करीब 46 से अधिक खिलाड़ी मैदान पर पहुंचे थे, अब 26 खिलाड़ियों की छटनी की गई है। जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष विधायक सुदेश राय के निर्देश पर एसोसिएशन के सचिव अतुल तिवारी और कोषाध्यक्ष वीरु वर्मा ने एक समिति का गठन किया है। चयन समिति में आशीष शर्मा, नागेन्द्र व्यास, अभिषेक परसाई, हेमंत केसरिया, सुनील जलोदिया और प्रशांत ठाकुर जिम्मी को शामिल किया गया है। अब खेल प्रदर्शन और तकनीकी दक्षता के आधार पर प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। इसके लिए मंगलवार को पहला अभ्यास मैच खेला गया।

बेतवा मैया की आरती और छप्पन भोग के साथ कार्तिक स्नान का समापन

नईदुनिया, प्रतिनिधि, गंजबासौदा: कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर बेतवा रिपटा घाट पर एक माह से चल रहे कार्तिक स्नान और शिव अभिषेक आयोजन का मंगलवार को विधि-विधान से समापन हुआ। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने सुबह 5:30 बजे बेतवा नदी में स्नान किया। इसके बाद घाट पर भगवान शिव का दरबार सजाकर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ अभिषेक किया गया। पंडित भागीरथ शास्त्री के सानिध्य में आयोजित कार्यक्रम में भगवान शिव के अभिषेक के बाद बेतवा मैया का पूजन और आरती की गई। श्रद्धालुओं ने भगवान को छप्पन भोग अर्पित किया तथा दीपदान किया। महिलाओं ने भगवान लड्डू गोपाल को पालने में झुलाया। आरती के बाद सूर्यदेव को अर्घ्य दिया गया और प्रसादी का वितरण किया गया।

सिद्धाचल तीर्थ की भव्य संगीतमय भाव यात्रा के साथ परमस्पर्श चातुर्मास पूर्ण



नईदुनिया, प्रतिनिधि, मंदसौर: मंदसौर में पुण्यसम्राट गुरुदेव श्रीमद् विजय जयन्तसेनसूरीश्वरजी महाराजा के शिष्यरत्न, द्विशतावधानी मुनिराज प्रत्यक्षरत्न विजयजी म.सा. एवं मुनिराज पवित्ररत्न विजयजी म.सा. के पावन सान्निध्य में आयोजित ऐतिहासिक परमस्पर्श चातुर्मास का समापन मंगलवार को चातुर्मास परिवर्तन एवं सिद्धाचल तीर्थ की भव्य संगीतमय भाव यात्रा के साथ पूर्ण हुआ। संतों के चातुर्मास परिवर्तन का लाभ शांतिलाल, सुनील, जिनेन्द्र कुमार फांफरिया परिवार ने लिया। मंगलवार को प्रात: 8.30 बजे परमस्पर्श चातुर्मास परिवर्तन यात्रा श्री अजितनाथ जिनालय जनकुपुरा से प्रारंभ होकर श्री हाटकेश्वर भवन नरसिंहपुरा पहुंची। जहां पर संगीत एवं भक्ति की मधुर स्वर-लहरियों के बीच श्री सिद्धाचल तीर्थ की दिव्य भावयात्रा का आयोजन हुआ।

कार्तिक पूर्णिमा पर रोशनी से जगमगाया पशुपतिनाथ मंदिर, महिलाओं ने किया दीपदान




मंदसौर। कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर भगवान पशुपतिनाथ मंदिर आकर्षक रोशनी से जगमगा उठा। मंदिर की सुंदर विद्युत सजावट और नदी के जल में दिखाई देती मंदिर की प्रतिबिंबित छवि ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। इस दौरान मंदिर परिसर में भक्तिमय माहौल बना रहा। कार्तिक पूर्णिमा पर वर्षों पुरानी परंपरा का निर्वहन करते हुए बड़ी संख्या में महिलाओं ने मंदिर के समीप नदी किनारे दीपदान किया। दीपों की रोशनी से पूरा घाट जगमगा उठा। श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा को देखते हुए नगर पालिका की ओर से पर्याप्त इंतजाम किए गए थे।

भैरूंदा को जिला बनाने की मांग ने पकड़ा जोर, सांसद की पहल पर टिकी निगाहें

भार्गव, बारेला और मालवीय की संयुक्त पहल से मुख्यमंत्री के समक्ष रखा जा सकता है प्रस्ताव

नईदुनिया प्रतिनिधि, भैरूंदा (नसरुल्लागंज): मध्यप्रदेश में प्रशासनिक इकाइयों के पुनर्गठन की तैयारी के बीच सीहोर जिले के भैरूंदा को जिला बनाने की मांग एक बार फिर जोर पकड़ने लगी है। वर्षों से इस मांग के पूरा होने की प्रतीक्षा कर रहे क्षेत्रवासियों को उम्मीद है कि मौजूदा प्रशासनिक पुनर्गठन की प्रक्रिया में उनकी मांग पर विचार हो सकता है। इसके लिए लोगों की निगाहें केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान की पहल पर टिकी हैं।

चौहान का इस क्षेत्र से करीब साढ़े तीन दशक पुराना राजनीतिक जुड़ाव रहा है। वर्ष 1990 में वे पहली बार इसी क्षेत्र से विधायक बने थे। वर्ष 1991 में लोकसभा उपचुनाव जीतकर सांसद बने और वर्ष 2005 में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री बने। वर्ष 2006 से 2023 तक उन्होंने बुधनी विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। क्षेत्रवासियों की अपेक्षा है कि वे भैरूंदा को जिला बनाने का प्रस्ताव मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सामने रखें।



प्रदेश में प्रशासनिक इकाइयों के पुनर्गठन के लिए मार्च 2024 में आयोग गठित किया गया था। आयोग जिलों, तहसीलों और अनुविभागों की सीमाओं की समीक्षा कर सुझाव देगा। इसकी रिपोर्ट मार्च 2027 तक आने की संभावना है। ऐसे में स्थानीय लोग चाहते हैं कि भैरूंदा की मांग को भी इसमें शामिल किया जाए। चर्चा है कि भैरूंदा, बुधनी और रेहटी तहसीलों को मिलाकर नया जिला बनाया जा सकता है। अनुमान के अनुसार, प्रस्तावित क्षेत्र में 4.5 लाख से अधिक आबादी, 1,744 वर्ग किलोमीटर क्षेत्रफल और 341 गांव शामिल हो सकते हैं।

जिला बनने से बढ़ेंगी सुविधाएं: जिला बनने पर कलेक्ट्रेट, जिला अस्पताल, पुलिस अधीक्षक कार्यालय, न्यायालय और अन्य जिला स्तरीय कार्यालय स्थापित हो सकेंगे। स्वास्थ्य, उच्च शिक्षा, तकनीकी प्रशिक्षण, कृषि आधारित उद्योग, वेयरहाउस और परिवहन सुविधाओं के विस्तार की संभावनाएं भी बनेंगी। फिलहाल कई प्रशासनिक कार्यों के लिए लोगों को सीहोर जाना पड़ता है।

शिवराज सिंह चौहान के मुख्यमंत्री रहते भी यह मांग उठी थी, लेकिन अंतिम निर्णय नहीं हो सका। अब क्षेत्रवासियों को उम्मीद है कि जनप्रतिनिधियों की पहल से प्रस्ताव आगे बढ़ेगा। फिलहाल सभी की निगाहें सरकार के निर्णय पर हैं।

तीन जनप्रतिनिधियों की भूमिका अहम

बुधनी विधायक रमाकांत भार्गव, आदिवासी वित्त एवं विकास निगम की अध्यक्ष निर्मला सुनील बारेला और निगम अध्यक्ष रवि मालवीय भी इस मांग को आगे बढ़ा सकते हैं। तीनों जनप्रतिनिधि केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ मुख्यमंत्री से मुलाकात कर संयुक्त प्रस्ताव रखते हैं तो क्षेत्र की मांग शासन तक पहुंचाई जा सकती है।

सीएमएचओ ने माधवनगर सिविल अस्पताल का किया औचक निरीक्षण




नईदुनिया प्रतिनिधि, उज्जैन: मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. विक्रम रघुवंशी ने शनिवार को सिविल अस्पताल माधवनगर का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं और अस्पताल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मरीजों को बेहतर और गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान सीएमएचओ ने पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड और आभा आईडी बनाने की प्रक्रिया में तेजी लाने को कहा। साथ ही सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों का निर्धारित समय-सीमा में निराकरण करने और विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों के लक्ष्यों को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। डॉ. रघुवंशी ने अस्पताल परिसर में साफ-सफाई और स्वच्छता बनाए रखने के साथ सभी आवश्यक अभिलेखों एवं रिकॉर्ड को अद्यतन रखने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही तक पहुंचना चाहिए। इसके लिए योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने अस्पताल की विभिन्न व्यवस्थाओं का अवलोकन कर कर्मचारियों को जिम्मेदारी और गंभीरता से कार्य करने तथा स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में निरंतर सुधार लाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अस्पताल प्रभारी डॉ. अमित सोनी, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रदीप सोमेश सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

कलेक्टर ने जामगढ़ और बागदेही का किया भ्रमण, जामवंत गुफा का किया अवलोकन



नईदुनिया प्रतिनिधि, रायसेन: कलेक्टर रोहित सिसोनिया ने मंगलवार को बरेली क्षेत्र के ग्राम जामगढ़ और बागदेही का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने जामगढ़ स्थित ऐतिहासिक जामवंत गुफा पहुंचकर वहां मौजूद प्राचीन प्रतिमाओं और ऐतिहासिक अवशेषों का अवलोकन किया। उन्होंने गुफा के ऐतिहासिक एवं पौराणिक महत्व के बारे में भी जानकारी ली।

कलेक्टर सिसोनिया ने कहा कि जामवंत गुफा हमारी अमूल्य ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर है। यहां मौजूद प्राचीन प्रतिमाएं और ऐतिहासिक अवशेष क्षेत्र की समृद्ध विरासत को दर्शाते हैं। ऐसे ऐतिहासिक स्थलों का संरक्षण करना जरूरी है, ताकि आने वाली पीढ़ियां भी इनके महत्व और गौरवशाली इतिहास से परिचित हो सकें। उन्होंने ऐतिहासिक धरोहरों को सुरक्षित रखने के महत्व पर जोर दिया। भ्रमण के दौरान एसडीएम अंकित जैन भी उपस्थित रहे।

नेत्र परीक्षण शिविर में 272 मरीजों की जांच, 101 में मोतियाबिंद की पहचान

गंजबासौदा। स्वर्गीय नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान के सहयोग से मिल रोड स्थित सद्गुरु जांच केंद्र में मंगलवार को नियमित नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 272 से अधिक नेत्र रोगियों की जांच कर उन्हें आंखों की देखभाल और विभिन्न नेत्र रोगों से बचाव की जानकारी दी गई। नेत्र चिकित्सक डॉ. सौरभ शर्मा, डॉ. राजकरण वर्मा और डॉ. धर्मेंद्र अहिरवार ने मरीजों का परीक्षण किया। शिविर में 101 मरीजों में मोतियाबिंद के लक्षण पाए गए। वहीं, 92 मरीजों को निशुल्क दवाइयां और 32 मरीजों को निशुल्क चश्मे वितरित किए गए। इसके अलावा 37 मरीजों की आंखों की जांच कर चश्मे का नंबर बताया गया। इस अवसर पर समाजसेवी गणेशराम रघुवंशी और डॉ. एके जैन सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। संस्थान के सहयोगी सुनील बाबू पिंगले ने अंधत्व निवारण के लिए ट्रस्ट की ओर से किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी।

भाजपा के सभी मोर्चों की संयुक्त बैठक आयोजित कार्यकारिणी जल्द घोषित करने के निर्देश



नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोर: भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में बुधवार को पार्टी के सभी मोर्चों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक को भाजपा मध्यप्रदेश के सभी मोर्चों के प्रदेश प्रभारी मनोरंजन मिश्रा और जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा ने संबोधित किया। इस दौरान संगठन की मजबूती, कार्यकारिणी गठन और मोर्चों की जिम्मेदारियों को लेकर चर्चा की गई।

बैठक का शुभारंभ भारत माता, डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा ने प्रदेश प्रभारी मनोरंजन मिश्रा का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। सभी मोर्चों के जिलाध्यक्षों ने भी उनका अभिनंदन किया।

बैठक को संबोधित करते हुए मनोरंजन मिश्रा ने कहा कि भाजपा का मूलमंत्र राष्ट्र प्रथम है। उन्होंने सभी मोर्चों के जिलाध्यक्षों को निर्धारित समय-सीमा में अपनी कार्यकारिणी घोषित करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि कार्यकारिणी में जमीनी स्तर पर सक्रिय और समर्पित कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा के प्रति सजग रहने की बात भी कही।

जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा ने कहा कि पार्टी के सभी मोर्चे संगठन के महत्वपूर्ण अंग हैं। प्रत्येक मोर्चे की संगठन को मजबूत बनाने और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने में अहम भूमिका है। उन्होंने पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से पूरी निष्ठा के साथ दायित्वों का निर्वहन करने का आह्वान किया।

बैठक में जिला उपाध्यक्ष आनंद पटेल, जिला मंत्री प्रीति सोनी, जिला मीडिया प्रभारी प्रितेश राठौर, किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश पंवार, अनुसूचित जनजाति मोर्चा प्रदेश सह सोशल मीडिया प्रभारी अनिता भंडेरिया और अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रवि नागले सहित विभिन्न मोर्चों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। युवा, महिला, किसान, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष भी बैठक में शामिल हुए।

कुबेरेश्वरधाम पर भव्यता के साथ संपन्न हुआ श्री हरि-हर मिलन महोत्सव, पालकी में निकली भगवान की शोभायात्रा

नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोर: धर्म केवल पूजा-पाठ, मंदिर जाने और भगवान के सामने दीप प्रज्वलित करने तक सीमित नहीं है, बल्कि सच्चे अर्थों में धर्म वह है, जो हमें दूसरों के प्रति अपने कर्तव्यों का बोध कराता है। सत्य बोलना, अन्याय का विरोध करना, कमजोर की रक्षा करना और जरूरतमंद की सहायता करना भी धर्म का ही मार्ग है। भगवान शिव सभी का कल्याण करते हैं। मनुष्य को अपने जीवन में भक्ति के साथ-साथ सेवा, सद्भाव और परोपकार को भी स्थान देना चाहिए। जब हम किसी दुखी व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान लाते हैं और किसी असहाय का सहारा बनते हैं, तभी हमारी भक्ति सार्थक होती है। उक्त विचार अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया हेमा स्थित निर्माणाधीन मुरली मनोहर एवं कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में आयोजित श्री हरि-हर मिलन महोत्सव के दौरान हजारों श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।



हरिहर महोत्सव के पावन अवसर पर कुबेरेश्वरधाम में प्रतिवर्ष की परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी श्री हरि-हर मिलन महोत्सव श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। इस दिव्य आयोजन में शामिल होने के लिए देश के विभिन्न राज्यों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु कुबेरेश्वरधाम पहुंचे। शाम होते ही मंदिर परिसर में धार्मिक उत्साह देखते ही बन रहा था। ग्वालियर से आए प्रसिद्ध बैंड-बाजों की मधुर धुनों और ढोल-नगाड़ों के बीच भगवान की भव्य पालकी शोभायात्रा निकाली गई। अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के सानिध्य में निकले इस चल समारोह में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। हर-हर महादेव और जय श्रीहरि के जयकारों से पूरा धाम गुंजायमान हो उठा।

पालकी शोभायात्रा में उमड़ा आस्था का सैलाब: श्री हरि-हर मिलन के दिव्य दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह दिखाई दिया। मंदिर परिसर को आकर्षक विद्युत सजावट और फूलों से सजाया गया था। जैसे ही बैंड-बाजों के साथ पालकी शोभायात्रा प्रारंभ हुई, श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर भगवान का स्वागत किया। महिलाएं, पुरुष, युवा और बुजुर्ग बड़ी संख्या में चल समारोह में शामिल हुए। श्रद्धालु भक्ति गीतों और भगवान के जयकारों के साथ आगे बढ़ते रहे। आयोजन के दौरान भगवान शिव और भगवान विष्णु के मिलन का अद्भुत धार्मिक दृश्य उपस्थित श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। इस अवसर पर पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहा कि सनातन धर्म हमें सभी के प्रति प्रेम, करुणा और सद्भाव रखने की शिक्षा देता है। भगवान शिव की आराधना करने वाला व्यक्ति कभी किसी का अहित करने की भावना नहीं रख सकता। हमें अपने जीवन में भगवान के बताए मार्ग पर चलना चाहिए। किसी गरीब और जरूरतमंद की मदद करना, किसी असहाय को सहारा देना तथा किसी कमजोर व्यक्ति के साथ हो रहे अन्याय के विरुद्ध खड़ा होना भी भगवान की सच्ची सेवा है।

लखनऊ के मंच पर गूंजेगा मंदसौर का स्वर

गीतकार नंदकिशोर राठौर 'नादान' टॉप-10 में चयनित



नईदुनिया प्रतिनिधि, मंदसौर: उत्तर प्रदेश साहित्य सभा की ओर से आयोजित राष्ट्रीय स्तर की 'स्वरायन गीत प्रतियोगिता-2026' में मंदसौर के गीतकार एवं गायक नंदकिशोर राठौर 'नादान' ने अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए टॉप-10 में जगह बनाई है। प्रतियोगिता में उन्होंने 150 प्रतिभागियों के बीच सातवां स्थान हासिल कर मंदसौर का नाम रोशन किया है।

प्रतियोगिता के पहले चरण में देशभर के 150 गीतकारों ने हिस्सा लिया था। इसमें नंदकिशोर राठौर ने अपने चर्चित गीत 'मयूरी' की प्रस्तुति देकर शीर्ष 30 प्रतिभागियों में स्थान बनाया। इसके बाद दूसरे चरण में अपनी गीत रचना और गायन से निर्णायकों को प्रभावित करते हुए अंतिम टॉप-10 में सातवां स्थान प्राप्त किया।

17 दिसंबर को लखनऊ में होगा ग्रैंड फिनाले: प्रतियोगिता का अंतिम चरण यानी ग्रैंड फिनाले 17 दिसंबर को उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के आशियाना स्थित हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव के मुख्य मंच पर आयोजित होगा। इसमें नंदकिशोर राठौर 'नादान' मंदसौर का प्रतिनिधित्व करते हुए अपने गीतों की प्रस्तुति देंगे।

शहर में खुशी की लहर: इस उपलब्धि पर मंदसौर के साहित्यकारों, पत्रकारों और प्रबुद्धजनों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी। वरिष्ठ पत्रकार डॉ. घनश्याम बटवाल, ब्रजेश जोशी, शिक्षाविद रमेश चंद्र चंद्रे, पूर्व प्राचार्य बीआर नलवाया, डॉ. उर्मिला तोमर, कवि अजय डांगी, सुधा कुर्मी, दिलीप जोशी, प्रकाश कल्याणी, सुरेंद्र शर्मा 'पहलवान', राजेंद्र तिवारी, राहुल राठौर, नरेंद्र भावसार और नरेंद्र त्रिवेदी 'सूत्रधार' सहित अनेक लोगों ने शुभकामनाएं दीं। सभी ने उम्मीद जताई कि वे ग्रैंड फिनाले में भी बेहतर प्रदर्शन कर मंदसौर का गौरव बढ़ाएंगे।